# स्कूल के आसपास शराब का कारोबार

## मोठार में नशे का माहौल! ग्रामीण बोले—समय रहते नहीं चेते तो हो सकती है बड़ी घटना

**सिवनी नवभारत। बंडोल थाना क्षेत्र के मोठार गांव में स्कूल के आसपास कथित अवैध देशी-विदेशी और महुआ शराब की बिक्री को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि कॉलोनी और मोहल्लों में शराब आसानी से उपलब्ध होने से बच्चों और युवाओं पर इसका बुरा असर पड़ रहा है।**




ग्रामीणों के मुताबिक, शराब के सेवन को लेकर कई परिवारों में आए दिन विवाद और लड़ाई-झगड़े होते हैं। उनका दावा है कि नशे की वजह से कई परिवार आर्थिक और सामाजिक रूप से प्रभावित हो चुके हैं। स्कूल के आसपास शराब की उपलब्धता को लेकर अभिभावकों में भी चिंता है।

**बड़ी घटना का इंतजार या कार्रवाई पहले?**

ग्रामीणों का सवाल है कि बंडोल थाना पुलिस और आबकारी विभाग आखिर कब कार्रवाई करेगा? ग्रामीणों ने आशंका जताई कि यदि अवैध शराब की बिक्री पर समय रहते रोक नहीं लगाई गई तो भविष्य में कोई गंभीर घटना सामने आ सकती है। ग्रामीणों ने पुलिस और आबकारी विभाग से स्कूल के आसपास तत्काल जांच, शराब के नमूने की जांच और अवैध बिक्री की निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है। अब देखना यह है कि जिम्मेदार विभाग ग्रामीणों की शिकायत को कितनी गंभीरता से लेता है और मौके पर जांच कर क्या कार्रवाई करता है।

**महुआ शराब में मिलावट का भी आरोप**

ग्रामीणों ने महुआ शराब में कथित रूप से नौसादर और यूरिया जैसे पदार्थ मिलाए जाने के आरोप लगाए हैं। यदि शराब में वास्तव में किसी हानिकारक पदार्थ की मिलावट हो रही है, तो इससे गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा हो सकता है। हालांकि, इसकी पुष्टि केवल अधिकृत जांच और प्रयोगशाला परीक्षण से ही हो सकती है।

## जवाहर नवोदय विद्यालय परिसर में चोरों का तांडव, एक ही रात में 5 घरों को बनाया निशाना

**कान्हीवाड़ा नवभारत।** सिवनी जिले के कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय परिसर में चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने एक साथ पांच घरों को अपना निशाना बनाते हुए लाखों रुपए के चांदी सोने के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। इस घटना के बाद से स्थानीय रहवासियों और विद्यालय परिवार में दहशत का माहौल है। चोरों ने विद्यालय परिसर के भीतर स्थित पांच अलग-अलग आवासों को एक ही रात में निशाना बनाया।

चोर घरों से सोने-चांदी के आभूषणों सहित नगदी रकम चुराकर फरार हो गए, जिससे पीड़ितों को बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ है। प्रतिष्ठित और सुरक्षा के लिहाज से संवेदनशील माने जाने वाले जवाहर नवोदय विद्यालय परिसर के अंदर



इस तरह की बड़ी चोरी होने से संस्थान की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं।

कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र में चोरी की यह दूसरी बड़ी घटना है, जिससे स्थानीय पुलिस की रात्रि गश्त और सुरक्षा व्यवस्था की पोल खुल गई है। घटना की सूचना मिलते ही कान्हीवाड़ा थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट और डॉग स्क्वायड टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया गया, जो साक्ष्य जुटाने में जुटी हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आसपास के इलाकों के संदिग्धों से पूछताछ के साथ ही चोरों की तलाश शुरू कर दी है।



सिवनी। रेलवे क्रॉसिंग शनि मंदिर गणेश उत्सव समिति द्वारा मनोहर प्रतिमा



बरघाट। समीपस्थ ग्राम खामी निवासी देवेंद्र बोपचे के निवास स्थान पर विराजे विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की प्रतिमा।



### नवयुवक दुर्गा गणेश समिति गुदमा ने की गणेश स्थापना

**बरघाट।** समीपस्थ ग्राम गुदमा में नवयुवक दुर्गा गणेश पूजा उत्सव समिति के सदस्यों द्वारा गणेश उत्सव पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया है। प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्राम गुदमा में समिति सदस्यों के द्वारा विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश जी की स्थापना की गई। समिति के तुषार पंवार ने बताया कि 10 दिवसीय गणेश उत्सव पर्व के दौरान समिति के द्वारा भजन कीर्तन एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### एक नजर में

**कन्या शाला के क्षतिग्रस्त भवन की सामग्री होगी नीलाम**

**बरघाट।** नगर के पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्थित प्राथमिक विभाग के क्षतिग्रस्त भवन को डिस्मेंटल किया जाना है। डिस्मेंटल योग्य भवन की सामग्री खपरे, लकड़ी इत्यादि सामग्री को नीलाम किए जाने का निर्णय लिया गया है ,जिसकी नीलामी 22.9.2026 को की जाएगी। `संस्था से मिली जानकारी के अनुसार होने वाली नीलामी में इच्छुक लोग 22 सितंबर को शाला में उपस्थित होकर प्रात: 11-00 से 2-00 बजे तक होने वाली नीलामी में भाग ले सकते हैं।

**अतिक्रमण हटाने और सड़क किनारे खड़े मालवाहक वाहनों पर कार्रवाई के निर्देश**

**सिवनी।** कलेक्टर मीना ने नगरीय क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश नगर पालिका एवं यातायात पुलिस को दिए। उन्होंने बाजार एवं भीड़भाड़ वाले मार्गों पर यातायात बाधित करने वाले अवैध अतिक्रमणों को तत्काल हटाने तथा सड़क किनारे बने गोदामों के संबंध में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सड़क पर खड़े मालवाहक वाहनों के कारण यातायात बाधित न हो, इसके लिए भी प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

**क्षतिग्रस्त सड़कों की प्राथमिकता से मरम्मत के निर्देश दिये कलेक्टर ने**

**सिवनी।** कलेक्टर श्रीमती मीना ने जिले में क्षतिग्रस्त सड़कों की पहचान कर प्राथमिकता के आधार पर त्वरित मरम्मत कराने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए। उन्होंने राष्ट्रीय एवं राज्य मार्गों के किनारे



किए गए अवैध अतिक्रमण हटाने, सड़क के साइड शोल्डर की मरम्मत कराने तथा गांवों से मुख्य मार्गों को जोड़ने वाले जंक्शनों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने दुर्घटना संभावित एवं आवश्यक स्थानों पर दिशा-सूचक, सड़क सुरक्षा संबंधी संकेतक बोर्ड एवं रिफ्लेक्टर लगाने तथा सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

## विश्वकर्मा जयंती समारोह कल

**सिवनी नवभारत।** अखिल विश्व शिल्पकार भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री श्री 1008 श्री विश्वकर्मा जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह 17 सितंबर गुरुवार को विश्वकर्मा मंदिर, महावीर वार्ड, सिवनी में आयोजित होगा।

विश्वकर्मा (बढ़ई) समाज समिति सिवनी द्वारा आयोजित इस समारोह में समाज के लोगों की सहभागिता रहेगी। आयोजन समिति ने सामाजिक बंधुओं से समारोह को सफल बनाने के लिए यथासंभव सहयोग एवं आर्थिक सहायता प्रदान करने की अपील की है। प्रात: 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक — हवन पूजन।

दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक — सामाजिक गोष्ठी एवं



सामाजिक भवन का शेष कार्य पूर्ण कराने हेतु चर्चा।

शाम 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक — भोजन एवं प्रसाद वितरण।

समिति के अध्यक्ष सी पी सोनवाने ने समाज के सभी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर भगवान श्री विश्वकर्मा का आशीर्वाद प्राप्त करने एवं आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान में टेबल टेनिस कोच बने आदित्य शर्मा

**बरघाट नवभारत।** खेलों के क्षेत्र में गौरव का एक विषय और बरघाट के इतिहास में दर्ज हो गया है, ज्ञात हो कि बरघाट में अनेक वर्षों से खेल शिक्षक संदीप मिश्रा द्वारा टेबल टेनिस का प्रशिक्षण नगर पंचायत के सहयोग से प्रदान किया जाता है ,जिसके चलते नगर के खिलाड़ी प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाकर नगर एवं जिले के गौरव को बढ़ाने का कार्य करते हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आदित्य शर्मा जो कि राष्ट्रीय स्तर तक खेल का प्रदर्शन कर चुके हैं एवं उनके द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग की राज्य स्तरीय टीम का मैनेजर के तौर पर स्टेट ऑफिशियल की भी भूमिका को बखूबी निभाया गया था और साथ ही राष्ट्रीय खेल संस्थान पटियाला के द्वारा उन्होंने टेबल टेनिस कोच



का सर्टिफिकेट कोर्स भी पूर्ण कर लिया था, जिसके चलते उन्हें ट्रिपल आईटी नागपुर द्वारा इंटरव्यू के उपरांत टेबल टेनिस कोच के तौर पर चयनित किया गया, जहां पर आदित्य शर्मा 15 सितंबर से इस संस्थान के लगभग 50 खिलाड़ियों को अपना मार्गदर्शन प्रदान करेंगे, वह इन संस्थाओं की होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में नागपुर के इस प्रतिष्ठित संस्थान की हिस्सेदारी और विजय को सुनिश्चित करने का कार्य करेंगे इतने प्रतिष्ठित संस्थान पर टेबल टेनिस की कोच के तौर पर आदित्य के सेवाएं देने पर संदीप मिश्रा ने प्रसन्नता व्यक्त की है और उन्होंने कहा कि वह आने वाले समय में उनके सिखाए हुए खिलाड़ियों को देश के अनेक संस्थाओं में टेबल टेनिस की कोच के तौर पर स्थापित करने की मंशा रखते हैं ,इसी क्रम में आदित्य अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा के प्रतीक बनेंगे कि खेलों के माध्यम से भी सुनहरे भविष्य को प्राप्त किया जा सकता है,और बच्चों की उपलब्धि उनके लिए पूंजी एवं आत्म संतोष का बड़ा कारण बनता है। आदित्य की उपलब्धि पर सभी खेल प्रेमी नगर वासियों ने अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है

## सिवनी पुलिस का सघन पैदल पेट्रोलिंग अभियान, 15 वाहनों पर चालानी कार्रवाई

**सिवनी नवभारत।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन में जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और आमजन में सुरक्षा की भावना बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा सघन पेट्रोलिंग एवं यातायात व्यवस्था सुधार अभियान चलाया गया।एसडीओपी सिवनी चंचलेश मरकाम, थाना प्रभारी यातायात एवं थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में करीब 50 से 60 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नगर में पैदल पेट्रोलिंग की। पुलिस टीम ने नगर पालिका चौक, बुधवारी, शंकर मढ़िया होते हुए बस स्टैंड तक भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।इस दौरान बस स्टैंड परिसर में संदिग्ध व्यक्तियों की सघन चेकिंग की गई। यातायात व्यवस्था को सुगम एवं व्यवस्थित बनाने के लिए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले करीब 15 वाहनों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस की इस कार्रवाई से आमजन में सुरक्षा का भाव और पुलिस के प्रति विश्वास मजबूत हुआ।

### हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग के लिए चलाया जाए प्रभावी अभियान

सिवनी। कलेक्टर श्रीमती मीना ने यातायात पुलिस को वाहन चालकों द्वारा हेलमेट, सीट बेल्ट सहित अन्य सड़क सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित कराने के लिए प्रभावी जागरूकता एवं जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने यातायात नियमों के उल्लंघन पर नियमानुसार कार्रवाई करने के साथ ही आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं में घायल एवं मृत व्यक्तियों के प्रकरणों में त्वरित चिकित्सकीय एवं थाने संबंधी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा पात्र पीड़ितों को पीएम राहत फंड से नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। लंबे समय से लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्रवाई कर प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिये।

## तीज में सामाजिक महिला मंडल ने आयोजित की ऑनलाईन प्रतियोगिता

**लखनादौन नवभारत।** नगर के सामाजिक महिला मंडल द्वारा प्रतिवर्ष की तरह हरितालिका तीज के अवसर पर व्रती बहनो के लिए होने वाली आनलाईन प्रतियोगिता का आयोजन तीज की रात्रि में किया गया।इस प्रतियोगिता में बहने आनलाईन जुड़कर प्रतियोगिता में भाग लेती हैं। लाक डाउन के समय जब सोशल डिस्टेंस चल रहा था। तब यह प्रतियोगिता पहली बार रखी गई थी। प्रतियोगिता मे लगभग आधा सैकड़ा बहनो ने भाग लिया। प्रतियोगिता दो वर्ग में रखी गई थी।

जूनियर वर्ग में प्रथम सृष्टि सोनी,द्वितीय प्रियंका साहू तथा तृतीय स्थान सुनीता सोनी का रहा। सीनियर वर्ग में प्रथम पिंकी गोलहानि, द्वितीय सरोज सोनी, तृतीय अनीता केवट रहीं। निर्णायक की भूमिका संध्या सिंह महाकौशल प्रांत संयोजिका विश्व हिन्दू परिषद मातृशक्ति संगठन रीवा सिंगरोली ने अदा की आपने बहुत ही सही तरीके से निर्णय सुनाया। जिसका सभी बहनो ने खुले दिल से स्वागत किया।

संगठन की संचालक अर्चना तिवारी ने बताया कि तीज हमारी धार्मिक और पौराणिक कथाओं से जुड़ा महत्वपूर्ण त्यौहार है। यह हमें हमारे धर्म से जोड़ने के साथ साथ धार्मिक जानकारी भी देता है।



आजकल करवा चौथ का ज्यादा चलन है बड़े शहरों में करवा चौथ व्रत ने व्यापार का रूप ले लिया है। ऐसे समय मे हमारे तीज व्रत को बहुएं करना ही नहीं चाहती हैं। हमारी नई पीढ़ी को इससे जोड़े रखना शिव और पार्वती जी की कथा की जानकारी धर्म संस्कृति सभी को बचाकर आगे लेकर जाना हम सबकी जिम्मेदारी है। संगठन की यही एक कोशिश है रात भर साथ रहने से एकता प्रेम सामाजिक समरसता सभी बढ़ते है। कार्यक्रम को सफ़ल बनाने में संगठन की सभी बहनो ने योगदान दिया।

### त्यौहारों एवं विशेष अवसरों पर अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था

**सिवनी।** कलेक्टर श्रीमती मीना ने न्यू ईयर सहित ऐसे अन्य संभावित दिवसों एवं अवधि में, जब सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है, दुर्घटना संभावित मार्गों एवं स्थलों पर अतिरिक्त सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवश्यकतानुसार पुलिस एवं संबंधित विभागों को विशेष निगरानी एवं नियमों के पालन की व्यवस्था करने को कहा। बैठक में यातायात पुलिस द्वारा की जा रही चालानी कार्रवाई की भी विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी स्कूल वाहनों का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिये।

## बाढ़ग्रस्त वाजिदपुर पहुंचे सम्राट कुशदीप



समस्तीपुर। अखंड भारतीय कुशवाहा महासभा भारत एवं सम्राट लवकुश सेना अखंडभारत के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे 12 राज्यों के कुशवंशी सामाजिक प्रवास के अंतर्गत राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संयोजक सम्राट कुशदीप अपनी टीम के साथ 13 सितंबर को समस्तीपुर के बाढ़ग्रस्त ग्रामीण क्षेत्र वाजिदपुर पहुँचे। इस दौरान कुशवाहा समाज के महिला-पुरुष, युवक-युवतियों और बच्चों ने टीम का गर्मजोशी से स्वागत किया। श्री अजीत कुशवाहा एवं अजय कुशवाहा सहित स्थानीय समाजजनों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कुशदीप ने महाकाली मंदिर में पूजा-अर्चना कर सामाजिक एकता, संगठन और समाजसेवा का संकल्प दिलाया।

## नागसेला का आयोजन : छपारा खुर्द में ऋषि पंचमी पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**छपारा नवभारत।** गत दिवस ऋषि पंचमी के पावन अवसर पर नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत छपारा खुर्द में वासंग देव के समीप वर्षों पुरानी परंपरा के तहत भव्य नागसेला का आयोजन किया गया। धार्मिक आस्था और परंपरा से जुड़े इस आयोजन में बड़ी संख्या में माताएं-बहनें, बुजुर्ग एवं ग्रामीणजन शामिल हुए। पूरे आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। नागसेला का आयोजन खैरी टोला की टीम द्वारा किया गया। आयोजन में आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और धार्मिक कार्यक्रम में सहभागिता की। श्रद्धालुओं ने परंपरानुसार पूजा-अर्चना कर नाग देवता के प्रति



अपनी आस्था प्रकट की। ग्रामीणों के अनुसार छपारा खुर्द में यह आयोजन कई वर्षों से लगातार किया जा रहा है। विशेष बात यह है कि यहां हर वर्ष तीजा पर्व के एक दिन बाद नागसेला आयोजित करने की परंपरा चली आ रही है। वर्षों से चली आ रही इस परंपरा ने अब क्षेत्र में एक विशेष धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन का रूप ले लिया है। आयोजन के दौरान महिलाओं और बुजुर्गों में विशेष उत्साह नजर आया। बड़ी संख्या में माताएं-बहनें पारंपरिक रूप से शामिल हुईं, वहीं ग्रामीणों ने भी आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया। नागसेला के माध्यम से क्षेत्र की पुरानी लोक परंपरा और धार्मिक आस्था को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे आयोजन आपसी भाईचारे और सामाजिक एकजुटता को मजबूत करने के साथ-साथ नई पीढ़ी को अपनी पुरानी परंपराओं और संस्कृति से जोड़ने का काम करते हैं। हर वर्ष की तरह इस बार भी नागसेला में लोगों की अच्छी भागीदारी रही और आयोजन पूरे उत्साह एवं श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। खैरी टोला की टीम सहित ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित इस नागसेला कार्यक्रम ने क्षेत्र में धार्मिक माहौल बना दिया। आयोजन में शामिल श्रद्धालुओं ने नाग देवता की पूजा कर सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की।

**अभियान** | **कोटकसा में ग्रामीणों ने चलाया नशामुक्ति अभियान, महिलाओं ने नारेबाजी कर ग्रामीणों को किया जागरूक**

## नशामुक्त अभियान : महुआ की कच्ची शराब बनाने वालों को दी सख्त हिदायत

**कुरई नवभारत।** बादलपार चौकी क्षेत्र के ग्राम कोटकासा में ग्रामीणों ने एकजुट होकर नशे के खिलाफ अभियान चलाया। गांव को शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों से मुक्त करने के उद्देश्य से आयोजित इस अभियान में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ महिलाओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि गांव में किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों के सेवन, निर्माण और बिक्री को बढ़ावा नहीं दिया जाएगा।

अभियान के दौरान ग्रामीणों ने विशेष रूप से कच्ची महुआ शराब बनाने वालों को सख्त हिदायत दी कि भविष्य में गांव में




शराब का निर्माण नहीं किया जाए। ग्रामीणों ने कहा कि नशे की आदत से परिवारों और समाज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसलिए गांव को नशामुक्त बनाने के लिए सभी ग्रामीणों को मिलकर जिम्मेदारी निभानी होगी। इस दौरान ग्रामीण महिलाओं ने नशे के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लोगों को जागरूक किया। महिलाओं ने कहा कि गांव में नशे का चलन समाप्त होने से परिवारों में शांति और बच्चों के भविष्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि नशे से दूर रहें और अन्य लोगों को भी नशामुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित करें। नशामुक्ति अभियान के दौरान बादलपार चौकी प्रभारी इंजन सिंह मार्सकोले सहित पुलिस स्टाफ भी मौजूद रहा। पुलिस की मौजूदगी में ग्रामीणों ने गांव को नशामुक्त रखने के लिए सामूहिक संकल्प लिया। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि आगे भी गांव में नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान जारी रखा जाएगा और नशे से जुड़ी गतिविधियों को रोकने के लिए प्रशासन एवं पुलिस का सहयोग किया जाएगा।

**गांव को बनाएं नशामुक्त**

ग्राम कोटकासा में ग्रामीणों की इस सामूहिक पहल को गांव को नशामुक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अभियान के दौरान ग्रामीणों ने एकजुटता दिखाते हुए संदेश दिया कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

### आवेदन आमंत्रित

सिवनी। विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक एवं सहायक परियोजना समन्वयक के रिक्त तथा भविष्य में रिक्त होने वाले पदों की पूर्ति हेतु अर्हताधारी लोकसेवकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

**नाम सुधार संबंधी सूचना**

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पूर्व में प्रहलाद डेहरिया पिता कौड़ी लाल के नाम से जाना जाता था, लेकिन अब मेरा सही नाम प्रहलाद डहेरिया के नाम से जाना जाएगा। अत: भविष्य में सभी शासकीय एवं अशासकीय अभिलेखों, दस्तावेजों तथा पत्राचार में मेरा नाम प्रहलाद डहेरिया ही दर्ज किया जाए।**

**पता :- बालाजी नगर शास्त्री वार्ड, बारापत्थर, सिवनी (म.प्र.)**

**नाम : प्रहलाद डहेरिया**

## प्रतिबंधित ई-सिगरेट बेचते पान दुकान संचालक गिरफ्तार

**जबलपुर।** कैंट पुलिस ने सदर चौपाटी स्थित एक पान दुकान पर दबिश देकर अवैध रूप से बेची जा रही प्रतिबंधित इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट जब्त की है। पुलिस ने मौके से दुकान संचालक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। कैंट थाना प्रभारी पुष्पेंद्र पटले ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि सदर कैंट चौपाटी स्थित दुकान नंबर 29 का संचालक अपनी दुकान से प्रतिबंधित इलेक्ट्रॉनिक पेप (ई-सिगरेट) अवैध रूप से बेचकर अवैध धन लाभ कमा रहा है। सूचना दबिश दी। दुकान संचालक राजा चौधरी (29), निवासी पुरानी बस्ती कजरवारा, गोराबजार को पकड़ा गया। तलाशी लिए जाने पर आरोपी के कब्जे से विभिन्न कंपनियों की 5 प्रतिबंधित ई-सिगरेट बरामद हुईं।

